दिनांक–06.10.2023 समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी भोपाल

<u>दोपहर समाचार</u>

उज्ज्वला योजना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 53 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रदेश–स्तरीय भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भोपाल के लालघाटी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गुफा मंदिर में बनने वाले भव्य संत भवन का भूमिपूजन किया। भोपाल का ये गुफा मंदिर धर्म और संस्कृति का अनुपम केन्द्र है। यहां मानस भवन तो बनेगा ही साथ ही गुफा लोक को भी साकार रूप दिया जाएगा । मुख्यमंत्री ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हितग्राहियों और लाड़ली बहनों के खातों में गैस रिफिल योजना की 219 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अन्तर्गत पंजीकृत बहनें जिनके स्वयं के नाम से गैस कनेक्शन है को 450 रुपए में गैस रिफिल हेतु राज्य अनुदान की राशि का अंतरण आज भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

....

भूमिपूजन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्वालियर में अटल स्मारक, मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक, अमरकंटक में मां नर्मदा महालोक और बड़वानी में नागलवाड़ी लोक का भूमिपूजन करेंगे। प्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास के 616 करोड़ 99 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जायेगा। राज्य के पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय बनाने और पर्यटकों के लिए पर्यटन सुविधाओं का विकास करने के उद्देश्य से प्रदेश में स्मारक, लोक, म्यूजियम के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा रहा है।

....

<u>अनुराग ठाकुर</u>

केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जबलपुर में कहा कि मध्यप्रदेश में एक बार फिर भाजपा की ही सरकार बनेगी।

बाईट– अनुराग सिंह ठाकुर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री

श्री ठाकुर ने आज जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में एन एस एस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश में भाग लिया. उन्होंने युवाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में श्री ठाकुर ने उपस्थित युवाओं से आव्हान किया कि देश के विकास में अपने अपने क्षेत्र में हरसंभव योगदान दे। श्री ठाकुर रीवा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं । यहां सैनिक स्कूल में उनका स्वागत जनसम्पर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल,भाजपा कार्यकर्ताओं और एनसीसी केडेट्स ने किया। श्री ठाकुर कटनी में विभिन्न क्षेत्रों के

विद्वानों के साथ चर्चा करेंगे। वहीं श्री ठाकुर शाम को भोपाल में एक निजी विश्वविद्यालय में न्यू इंडिया विषय पर आयोजित परिचर्चा में शामिल होंगे।

....

रिजर्व बैंक–मौद्रिक नीति

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। आज मुम्बई समिति की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

रिजर्व बैंक से जारी बयान के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय घटनाक्रमों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने लगातार चौथी बार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- धार जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज में कल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगितायें हुई। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाई गई, साथ ही रैली का आयोजन भी किया गया।
- आगामी विधानसभा निर्वाचन–2023 के संदर्भ में आगरमालवा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव खर्च के लेखा संधारण संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कल सम्पन्न हुआ।
- सतना जिले के चित्रकूट स्थित वृद्धाश्रम में कल सामाजिक न्याय विभाग सतना द्वारा वरिष्ठ जनों एवं बुजुर्गों को भरण–पोषण अधिनियम की जानकारी देने संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- गुना जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- खण्डवा जिले में राष्ट्रीय सघन मिशन इन्द्रधनुष का तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी ने कहा कि इसके तहत 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा

....